दिनांक 19 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महिला चिकित्सक करेंगी महिलाओं का इलाज, दाई-दीदी क्लिनिक भिलाई शहर में महिलाओं को मुहैया कराएगी चिकित्सीय सेवाएं

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निगम क्षेत्र में किया जा रहा है! लेकिन अब दाई-दीदी क्लीनिक केवल महिलाओं को चिकित्सा सुविधा देने के लिए तैयार किया गया है! जिसका शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा चुका है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से अब भिलाई की महिलाओं को इस योजना से विशेष रूप से जोड़ते हुए पिंक एमएमयू (दाई-दीदी क्लिनिक) शहर की स्लम क्षेत्र की महिलाओं को 20 नवंबर से स्वास्थ्य लाभ मुहैया कराएगी! यह भिलाई निगम क्षेत्र में पहला ऐसा चलित चिकित्सा इकाई होगा जिसमें पूरा चिकित्सा स्टॉफ महिला होंगी और यह महिला स्टॉफ महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी! कई संकोच के कारण महिलाएं अपनी बीमारी को खुलकर नहीं बता पाती है! इस कारण बीमारी का सही उपचार नहीं हो पाता है अब दाई-दीदी क्लीनिक में महिला चिकित्सक एवं महिला स्टॉफ होने से वह नि:संकोच अपना इलाज करा सकेंगी! महिलाओं को नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी स्वयं मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रदाय किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों का जायजा लेकर बेहतर व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं और शिविर में आए हुए लोगों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य से संबंधित फीडबैक प्राप्त कर रहे हैं! उल्लेखनीय है कि भिलाई निगम क्षेत्र में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान रहा है! जिसमें से एक को पिंक एमएमयू के रूप में तैयार किया गया है! पिंक एमएमयू एक अलग ही स्वरूप में नजर आएगी इसे पीले , नीले एवं सफेद रंग के संयोजन से तैयार किया गया है , जिसमें दाई-दीदी क्लीनिक स्पष्ट रूप से उल्लेखित है! नोडल अधिकारी तरुण पाल लहरें ने बताया कि शुक्रवार दिनांक 20 नवंबर से इस क्लीनिक का संचालन निगम क्षेत्र में प्रारंभ किया जाएगा!

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 6248 लोगों ने अब तक लिया स्वास्थ्य लाभ मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में अब तक 6248 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है! 1030 लोगों का चलित चिकित्सा इकाई के लैब में जांच किया जा चुका है तथा 5589 लोगों को नि:शुल्क दवाई का वितरण किया गया है!

जनसंपर्क अधिकारी